चार नक्सल प्रभावित ज़िलों में फिर से शुरू होंगे 260 स्कूल

चर्चा में क्यों?

12 जून, 2022 को छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने चार नक्सल प्रभावित ज़िलों- नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा में 260 स्कूलों को फिर से शुरू करने के लिये पत्र जारी किया है।

प्रमुख बिंदु

- स्कूल शिक्षा विभाग ने चारों ज़िले के कलेक्टरों को 'शाला प्रवेश उत्सव' (स्कूल प्रवेश उत्सव) और 'थैंक यू मुख्यमंत्री कार्यक्रम' आयोजित करने के निर्देश दिये हैं।
- शिक्षा विभाग ने कलेक्टरों को शत-प्रतिशत प्रवेश व बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और ज़िले के प्रभारी मंत्री, ज़िला पंचायत अध्यक्ष, अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों को कार्यक्रमों में आमंत्रित करने को कहा है।
- इससे पहले नक्सली इलाकों में विभिन्न कारणों से करीब 400 स्कूल बंद किये गए थे। इन ज़िलों में समुदाय की मांग के आधार पर सरकार ने 260 स्कूलों को फिर से शुरू करने का फैसला किया है।
- इन स्कूलों को औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 16 जून को राज्यस्तरीय स्कूल प्रवेश उत्सव के दौरान खोलेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/260-schools-to-reopen-in-four-naxal-affected-districts